अमर उजाला 15/08/2024

भाषण में जय सिंह और मुस्कान विजयी

एंटी रैगिंग विषय पर आयोजित भाषण स्पर्धा में विजेता विद्यार्थी व कर्मचारी। संवाद

जीएमएन कॉलेज में एंटी रैगिंग सेल ने अर्थशास्त्र विभाग के सहयोग करवाई प्रतियोगिता

संवाद न्यूज एजेंसी

अंबाला। छावनी के जीएमएन कॉलेज में एंटी रैगिंग सैल द्वारा अर्थशास्त्र विभाग के सहयोग से एंटी रैगिंग सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान के दूसरे दिन मंगलवार को एंटी रैगिंग विषय पर भाषण प्रतियोगिता हुई।

इस दौरान एंटी रैगिंग सैल की संयोजिका डॉ सीमा कंसल ने कहा कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों को रैगिंग संबंधी गतिविधियों के बारे में जागरूक करना एवं एंटी रैगिंग सैल की सहायता से उनसे निपटने के लिए उनका मार्गदर्शन करना है। इस प्रतियोगिता में 11 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर बीसीए तृतीय वर्ष के जय सिंह चौरसिया, द्वितीय स्थान पर बीए प्रथम वर्ष की मुस्कान एवं तृतीय स्थान पर बीए प्रथम वर्ष की अनन्या और बीसीए प्रथम वर्ष की शेषा शर्मा रही। इसके बाद सभी विजेताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।